आरएनआई / पीआरजीआई नं. : 59755/94
डाक पंजीयन संख्या : मेरठ-232-2026-28



केन्द्र व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शासकीय विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

SATYA SPORTS
We are deals in professional
carrom board and sports goods wood.
Add.- Plot no.11, Sector- 6/1, Shatabdi Nagar, Meerut (U.P.)
Owner - Ujjwal Pal Kalanjari
9927178000, 8193933555

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक

# हरिकमल दर्पण

सम्पादक : निरंजन सिंह पाल मो. : 9358430959 Email : niranjanpal10021963@gmail.com

वर्ष 33 अंक 5 मेरठ, गुरुवार 5 फरवरी, 2026 Website:- harikamaldarpan.com कुल पृष्ठ : 8 मूल्य : दो रुपये

## प्रो. अमर सिंह को मिला 'अक्षत' स्मृति साहित्य रत्न सम्मान

**छिंदवाड़ा।** अपने हजारों प्रेरक वक्तव्यों से राष्ट्र की सीमा को पार कर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर छवि बनाने वाले, अंग्रेजी, हिन्दी व संस्कृत भाषाओं पर समान एकाधिकार रखने वाले और अपनी विशुद्ध मेहनत से उत्पन्न उत्कृष्ट लेखन शैली से भारत के नामचीन विश्वविद्यालयों के विद्वान प्राध्यापकों के बीच अपनी पैठ बनाने वाले शासकीय महाविद्यालय चांद जिला छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश के प्राचार्य प्रो. अमर सिंह बघेल ने अपने मूल विषय अंग्रेजी के साथ एक उद्भट सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में युवाओं के ज्वलंत सरोकारों से जुड़े मुद्दों पर जिस शिद्दत से अपना अमूल्य योगदान दिया है, वह अपने आप में एक मिसाल है। अब तक प्रो. बघेल ने 6 पुस्तकों के संपादन के साथ 2500 प्रेरक वक्तव्य देने, 500 सेमिनारों में रिसोर्स पर्सन बनने, 2500 छात्रों को एम.ए. अंग्रेजी में कराने, भारत के विभिन्न अखबारों में 250 कविताएं,



250 आलेख प्रकाशन और 250 पीएच.डी. थीसिस के परीक्षक होने का जो अद्भुत रिकॉर्ड बनाया है, उसकी किसी असाधारण प्रतिभा के प्राध्यापक से ही अपेक्षा की जा सकती है। प्रो. बघेल के 25 छात्र कालेज में प्रोफेसर एवं 800 छात्र लेक्चरर हैं। प्रो. बघेल को भारत साक्षरता मिशन का अक्षर मित्र सम्मान, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आइकॉन ऑफ छिंदवाड़ा, साहित्य सृजन सम्मान और भारत व इंग्लैंड के बीच संपन्न हुई ऑनलाइन अंग्रेजी कहानी लेखन स्पर्धा में निर्णायक मंडल में शामिल होने पर अंतरराष्ट्रीय जूरी सम्मान से नवाजा जाना आपकी बहुआयामी विशेष योग्यता का परिचायक है। साहित्य की किसी भी विधा पर गहन समीक्षा करना, किसी भी सामयिक ज्वलंत विषय पर वक्तव्य देना और संप्रेषण कला में प्रो. बघेल की विशेष विषय विशेषज्ञता है। प्रो. बघेल को यह सम्मान छिंदवाड़ा के मशहूर साहित्यकार केशरी चंद चंदेल 'अक्षत' की पुण्य स्मृति में छिंदवाड़ा के सांसद विवेक बंटी साहू, महापौर विक्रम आहके एवं शहर के गणमान्य साहित्यकारों की गरिमामई उपस्थिति में होटल देव इंटरनेशनल छिंदवाड़ा में अक्षत जी के सुपुत्र जयेश एवं विश्वेश चंदेल की ओर से दिया गया। प्रो. बघेल की शैक्षिक योग्यता अंग्रेजी में पीएच.डी., एम.ए. हिन्दी, एम.ए. संस्कृत, पी.जी.डी.टी., डी.सी.ई., सी.टी.ई. है। प्रो. बघेल को इन उपलब्धियों के लिए हरिकमल दर्पण परिवार की ओर से बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएँ। **-सम्पादक**

## प्रोफेसर (डॉ.) राहुल सिंह पाल हुए सम्मानित

**बीकानेर।** देश के 77वें गणतन्त्र दिवस के अवसर पर राजस्थान पशुचिकित्सा और पशुविज्ञान विश्वविद्यालय बीकानेर के अधीन संचालित डेयरी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय बीकानेर के अधिष्ठाता प्रो. (डॉ.) राहुल सिंह पाल को 'आउट स्टैंडिंग एचीवमेंट अवार्ड' से विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. सुमन्त व्यास द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें पशुपोषण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए दिया गया है। इसके अलावा डॉ. पाल ने एक पेटेन्ट कॉपीराइट का सर्टीफिकेट व 2 अन्य पेटेंट प्रकाशित करवाये हैं। यह सभी पेटेंन्ट ऑथोरिटी नई दिल्ली (आई.पी.आर.सेल) के द्वारा प्राप्त किये



गये हैं। इसके लिए भी डॉ. पाल को 26 जनवरी 2026 को विश्वविद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया। ये सभी पेटेन्ट डेयरी क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। उल्लेखनीय है कि प्रोफेसर (डॉ.) राहुल सिंह पाल को इससे पूर्व भी अनेक पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। इन उपलब्धियों के लिए हरिकमल दर्पण परिवार की ओर से उन्हें बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएँ। **-सम्पादक**

## मणिकर्णिका घाट पर तोड़फोड़ के विरोध में प्रदर्शन

**बदायूं।** वाराणसी में मणिकर्णिका घाट पर की गई तोड़फोड़ के विरोध में राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के बैनर तले पाल-बघेल समाज के लोगों ने यहां प्रदर्शन कर जिला अधिकारी को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में वाराणसी में मणिकर्णिका घाट पर की गई तोड़फोड़ की निंदा करते हुए मांग की गई कि मातेश्वरी अहिल्याबाई होलकर की मूर्ति तोड़ने वाले व घाट पर बने मन्दिरों को क्षति पहुंचाने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाए। अगर ऐसा नहीं होता है तो राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी और समस्त गडरिया समाज जनपद बदायूं में एक विशाल धरना-प्रदर्शन करने को



बाध्य होगा जिसकी जिम्मेदारी स्वयं प्रशासन की होगी। प्रदर्शनकारियों में टीटू पाल, प्रिंस पाल, भगवान दास पाल, एड. संजीव पाल, एड. जितेंद्र पाल, एड. राजेंद्र बघेल, ओमप्रकाश पाल, पवन पाल आदि शामिल रहे। **-प्रदीप पाल**

## मृतक छात्र सौरभ पाल के परिजनों से मिला प्रतिनिधिमंडल, 50 लाख मुआवजे की मांग

**कानपुर देहात।** 30 जनवरी को ग्राम सीठमरा झिझक में अखिल विश्व पाल क्षत्रिय महासभा की युवा इकाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल पाल गेझा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिजनों से मिला। उल्लेखनीय है कि मृतक सौरभ पाल (17 वर्ष) जोकि 11वीं कक्षा का छात्र था की 25 जनवरी को गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। मृतक की माता मुन्नी देवी व बड़े भाई नितेश पाल ने बताया कि सौरभ पाल बहुत ही होनहार व जुझारू था। सौरभ के पिता का 3 साल पूर्व देहांत हो गया था। उसके बाद रोजी-रोटी के लिए कोई कमाने वाला नहीं था। गरीबी में बच्चों को पढ़ाना और घर चलाना बहुत मुश्किल हो रहा था। सौरभ



पाल को ग्राम से 10 किलोमीटर दूर झीझक कस्बे में बड़ी बेटी के यहां पढ़ाई करने के लिए भेज दिया गया था। परिजनों ने बताया कि अनूप सिंह सीतापुर निवासी डांस टीचर स्कूल के पास किराए पर रहता था। किसी बात को लेकर सौरभ ने टीचर को समझाया तो टीचर भड़क गया और जातिसूचक शब्दों से अपमानित कर उसने सौरभ की 25 जनवरी को गला रेतकर हत्या कर दी और फरार हो गया। बताया जाता है कि टीचर अनूप सिंह दबंग प्रवृत्ति का इंसान था। पुलिस ने उसके घर पर दबिश देकर आरोपी को जेल भेज दिया। अब गरीब मुन्नी देवी के पास ना खेती है और न ही कोई कमाई का साधन है। इसलिए सरकार से मांग है कि पीड़ित परिवार को 50 लाख की आर्थिक मदद दी जाए। **-ब्यूरो**

## द प्रतिभा इंटरनेशनल स्कूल का भव्य वार्षिकोत्सव सम्पन्न







**मेरठ।** 30 जनवरी को रिठानी क्षेत्र के शताब्दी नगर स्थित सुप्रसिद्ध द प्रतिभा इंटरनेशनल स्कूल में विद्यालय के 5 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक भव्य वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर ने किया। सभी प्रतिभाशाली बच्चों ने भिन्न-भिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य मीनू पाल ने वहां पर आए सभी अतिथिगणों व अभिभावकगण का स्वागत किया। विद्यालय के डायरेक्टर एड. लोकेश पाल ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम में आदित्य शर्मा, सुनील वर्मा, डॉक्टर शीशपाल बघेल, गजराज पाल, राजेंद्र पाल व जितेंद्र गुर्जर भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी अध्यापक व अध्यापिकाओं का विशेष योगदान रहा। **-ब्यूरो**


कृष्ण पाल


वीरेन्द्र कुमार पाल


गौरव कुमार पाल

मो. 9837651757
7417578902
9068344035
8826455546

कृपाल टाईल्स एण्ड सैनेट्री स्टूडियो
जोहनसन एवं सेरा कंपनियों के अधिकृत विक्रेता
भगवती प्लाजा, 568/1, सैनिक विहार, डिवाइडर रोड, कंकरखेड़ा, मेरठ

कृपाल मार्बल एवं धर्मकांटा
सभी प्रकार के मार्बल और ग्रेनाइट के विक्रेता
पता : मेरठ-परतापुर बाईपास, ग्रांड फाइव के सामने, दायमपुर, कंकरखेड़ा, मेरठ

कृपाल सटरिंग सप्लायर
हमारे यहाँ गाटर, तख्ते, चाली, बल्ली, फावड़े, सीढ़ी, संदली, झुरमुट, तसले, कोलम फर्मे आदि उचित किराये पर मिलते हैं।
पता : निकट टाटा इंडीकॉम टॉवर, रामनगर, कंकरखेड़ा, मेरठ

# हरिकमल दर्पण

## सामाजिक एकजुटता जरूरी है!



*देश में गडरिया समाज को चहुंमुखी उन्नति के लिए सामाजिक एकजुटता को लाना ही होगा। जब तक हम एकजुट नहीं होंगे हमारा शोषण होता ही रहेगा। सामाजिक एकजुटता कैसे आए, इस बारे में सभी को अपने स्तर से प्रयास करने चाहिएं। इस हफ्ते इन्हीं शब्दों के साथ जय पाल समाज!*

**-निरंजन सिंह पाल**

## प्रेमवती पाल : एक आयरन लेडी!



दिल्ली प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की आंनद विहार मण्डल की अध्यक्ष प्रेमवती पाल क्रांतिकारी भूमि मेरठ की धरती पर जन्म लेकर कड़कड़डूमा दिल्ली में अपने परिवार के साथ जीवन यापन कर रही हैं। वे समाजनीति के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाली राजनीति में महिलाओं का सशक्तिकरण कर रही हैं। वे एक चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा गरीब, असहाय, कमजोर तबके, शिक्षा में कमजोर बच्चों का जीवन विकसित करने के लिए भी प्रयास कर रही हैं। दृढ़ नेतृत्त्व, साहसिक फैसलों और समाज के प्रति अटूट समर्पण के साथ वे गैर समाज के लिए भी अपनी सेवाएं प्रदान कर रही हैं। 13 दिसम्बर 2025 को नार्थ एवेन्यु ब्लॉक के एम.पी. क्लब नई दिल्ली में ऑल इंडिया धनगर समाज महासंघ (रजि.) के राष्ट्रीय पदाधिकारियों के लोकतांत्रिक तरीके से होने वाले चुनाव में उन्होंने बढ़-चढ़कर भाग लेकर पाल, गडरिया, धनगर, बघेल, ग्वाला, गद्दी समाज को एक सूत्र में बांधने का प्रयास किया। उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों के आधार पर मेरा अनुभव है कि वह दिन दूर नहीं जब प्रेमवती पाल की पकड़ राजनीति के शिखर को छुए। वे अपने छोटे-बड़े, बुजुर्गों को सम्मान देने में माहिर होती जा रही हैं। अतः मैं उनके नाम के आगे आयरन लेडी प्रेमवती पाल लिखने की घोषणा करता हूँ।



**-धनगर गंगाविष्णु चन्देल**
मेरठ मण्डल अध्यक्ष, ऑल इंडिया धनगर समाज महासंघ (रजि.)
मो. 9899641263

## आइए, एक आवाज में कहें—रेणके आयोग लागू हो!

**रेणके आयोग क्या है और कब से है?**

रेणके आयोग कर्नाटक सरकार द्वारा बनाया गया एक सरकारी आयोग था। इस आयोग का गठन वर्ष 2006 में किया गया था और इसकी रिपोर्ट 2008 में सरकार को सौंपी गई। इस आयोग के अध्यक्ष थे न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) रघुनाथ राव रेणके। इसी कारण इसे रेणके आयोग कहा जाता है।

**रेणके आयोग क्यों बनाया गया?**


रेणके आयोग इसलिए बनाया गया क्योंकि सरकार ने यह महसूस किया कि गडरिया / पाल /धनगर / कुरुबा / बघेल जैसे चरवाहा-आधारित समाज शिक्षा, सरकारी नौकरियों और सामाजिक विकास में बहुत पीछे रह गए हैं, इन समाजों की साक्षरता दर कम है, आर्थिक स्थिति कमजोर है, सरकारी योजनाओं का लाभ बहुत कम मिला है। इसलिए सरकार ने एक आयोग बनाकर वैज्ञानिक और सामाजिक अध्ययन कराया।

**रेणके आयोग ने क्या माना और क्या सिफारिश की?**

रेणके आयोग ने अपनी रिपोर्ट में साफ कहा कि गडरिया/पाल/धनगर/कुरुबा जैसे समाज वास्तव में पिछड़े हुए हैं, इन्हें विशेष संरक्षण और आरक्षण की जरूरत है। अगर इन समाजों को शिक्षा में आगे बढ़ाना है तो आरक्षण और विशेष योजनाएं जरूरी हैं। आयोग का मकसद था-आने वाली पीढ़ियों को बराबरी का अवसर देना, किसी को छोटा या अछूत बनाना नहीं।

**समाज को क्या समझाना जरूरी है?**

आप सबको यह बात कहना जरूरी है कि रेणके आयोग कोई भीख नहीं है, यह हमारे समाज की वास्तविक स्थिति पर सरकार द्वारा किया गया अध्ययन है। शिक्षा में हिस्सेदारी मिलेगी तो हमारी आने वाली पीढ़ी अफसर, शिक्षक और वैज्ञानिक बनेगी। अगर आप सभी गडरिया समुदाय एक हो जाएं तो ये हो सकता है। आज मैं आपसे दिल से एक बात कहना चाहता हूँ- रेणके आयोग कोई कागजी रिपोर्ट नहीं है, यह हमारी आने वाली पीढ़ियों की उम्मीद है। रेणके आयोग ने पहली बार देश के सामने यह सच्चाई रखी कि घुमंतू और मेहनतकश समाज शिक्षा, सम्मान और अवसर से पीछे रह गए हैं। यह स्वीकार किया गया कि यह पिछड़ापन हमारी गलती नहीं, बल्कि वर्षों की उपेक्षा का परिणाम है। अगर रेणके आयोग की सिफारिशें लागू होती हैं, तो हमारे बच्चे स्कूल से नहीं छूटेंगे, कॉलेज और उच्च शिक्षा तक पहुँचेंगे, सरकारी नौकरी और अच्छे पदों तक रास्ता खुलेगा, समाज आत्मनिर्भर और सम्मानित बनेगा। रेणके आयोग हमारे बच्चों के हाथ में कलम देने की चाबी है। आज जो लोग कहते हैं कि 'इससे कुछ नहीं होगा', उन्हें याद रखना चाहिए—हर बड़ा बदलाव पहले जागरूकता से ही शुरू होता है। अगर आज हम रेणके आयोग को समझेंगे, उसके लिए एकजुट होंगे, तो कल हमारी आने वाली पीढ़ी हम पर गर्व करेगी। आखिरी बात, रेणके आयोग हमारे लिए नहीं, हमारे बच्चों के भविष्य के लिए है। आज हमारा समर्थन—कल उनकी तरक्की। आइए, एक आवाज में कहें—रेणके आयोग लागू हो। गड़रिया समाज आगे बढ़े।



**-अमन पाल,** सहारनपुर
प्रदेश अध्यक्ष युवा पाल समाज सेवा एवं उत्थान समिति उत्तर प्रदेश
मो. 7351666215

# पाल-बघेल-गडरिया समाज : अब पिछड़ेपन का रोना छोड़कर, आत्मसम्मान और नए विजन की जरूरत है!

अक्सर जब भी हमारे समाज के मंच सजते हैं, तो एक वाक्य सबसे ज्यादा दोहराया जाता है—'हमारा समाज बहुत पिछड़ा हुआ है।' लेकिन आज समय आ गया है कि हम इस आईने को साफ करें और असलियत देखें। मैं समाज के ठेकेदारों को बताना चाहता हूँ कि हमारा समाज जरूर राजनीति में पिछड़ा हुआ है, लेकिन आर्थिक रूप से उतना भी कमजोर नहीं है कि बार-बार मंचों से बोला जाए कि समाज पिछड़ा हुआ है।

**1. आर्थिक मजबूती और औद्योगिक प्रगति :** हमें यह स्वीकार करना होगा कि हमारे समाज में आज कई बड़े उद्योगपति और सफल उद्यमी हैं, जो न केवल शानदार व्यापार कर रहे हैं, बल्कि समाज के कई युवाओं को रोजगार भी दे रहे हैं। इसके साथ ही आज हमारे बच्चे-बच्चियां डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस, शिक्षक एवं सरकारी नौकरियों में अच्छे पदों पर विराजमान हैं।

**2. डिजिटल युग और परिचय सम्मेलन की प्रासंगिकता :** आज के डिजिटल मीडिया के जमाने में, जहाँ पूरी दुनिया एक क्लिक पर सिमटी हुई है, वहाँ परिचय सम्मेलन के मंच से वर-कन्या तलाशना कहाँ तक उचित है? क्या हमें वाकई लगता है कि हमारे शिक्षित और उच्च पदों पर आसीन युवा साथी स्टेज पर खड़े होकर अपने लिए योग्य जीवनसाथी ढूंढेंगे? इस पर एक बार विचार अवश्य कीजिए। अब समय डिजिटल प्लेटफॉर्म्स और व्यक्तिगत संपर्कों का है, न कि पुराने ढर्रों पर समय गँवाने का।

**3. सामूहिक विवाह सम्मेलन—एक गंभीर सवाल :** एक दौर था जब सामूहिक विवाह समय की जरूरत थे, लेकिन आज स्थितियां बदल चुकी हैं। अब हमारा समाज आर्थिक रूप से काफी हद तक मजबूत हो चुका है। समाज अब इससे बहुत आगे निकल गया है। हर माता-पिता अब सक्षम हैं और चाहते हैं कि बारात उनके दरवाजे आए या वे शान से बारात लेकर जाएं। यहाँ मेरा एक सवाल उन आयोजनकर्ताओं से भी है कि क्या वे स्वयं अपने बच्चों का विवाह इन सामूहिक सम्मेलनों में करते हैं या करेंगे? यदि नहीं, तो समाज के जरूरतमंद परिवारों को चिन्हित करके उनकी सीधे आर्थिक मदद करनी चाहिए, ताकि वे भी सम्मान के साथ निजी आयोजन कर सकें।

**4. मंचों का उद्देश्य :** सम्मान और राजनीतिक भागीदारी अब समाज के मंचों का उद्देश्य स्पष्ट होना चाहिए। मेरी युवा साथियों से अपील है कि वे राजनीति में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। मंचों का उपयोग 'पिछड़ा' बोलने के लिए नहीं, बल्कि समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित करने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए होना चाहिए।

**निष्कर्ष :** मेरा उद्देश्य किसी की भावनाओं को ठेस पहुँचाना नहीं है, लेकिन सच बोलना जरूरी है। यदि किसी को बुरा लगा हो तो क्षमा करें, यह मेरा निजी विचार है। अब समय है कि हम अपनी ताकत को पहचानें और गौरव के साथ कहें कि हम एक सक्षम और स्वाभिमानी समाज हैं।



**-राजेश कुमार पाल,** इंदौर
(बीमा वाला एवं सामाजिक चिंतक)
मो. 9424831940

# गडरिया समाज राष्ट्रीय संघर्ष मोर्चा का गठन करे!

प्रातःस्मरणीय वंदनीय लोकमाता अहिल्याबाई होलकर, संत कनक दास एवं समाज की महान वीरांगनाओं और वरिष्ठ नागरिकों को सादर स्मरण करते हुए सभी से निवेदन पूर्वक सुझाव प्रस्तुत है कि समाज के महापुरुषों, महान वीरांगनाओं के सम्मान एवं समाज के नौनिहालों की सुरक्षा के लिए, स्वाभिमान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर संघर्ष मोर्चा का गठन वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य एवं घटनाओं को देखते हुए किया जाना चाहिए। राष्ट्र के विभिन्न राज्यों में बड़ी संख्या में निवास करने वाले गडरिया समाज के भाई-बहन जो पाल, बघेल, धनगर, कुरुबा आदि नाम से जाने जाते हैं, उनके ऊपर विभिन्न राज्यों में खासकर उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश व अन्य राज्यों में अनेक प्रकार से हमले, हत्या, बलात्कार, अपहरण आदि की घटनाएं हो रही हैं तथा दूसरी ओर समाज की आराध्य देवी लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमाओं के साथ तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आ रही हैं। काशी के मणिकर्णिका घाट में जो निर्माण देवी अहिल्याबाई होलकर द्वारा कराया गया था, जिसमें श्रद्धालुओं के द्वारा सैकड़ों वर्ष पूर्व उनकी प्रतिमा भी लगाई गई थी, उन सभी को प्रशासन द्वारा बुलडोजर से तोड़ दिया गया। धामू पाल एवं उनके साथियों को जबरदस्ती पुलिस कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया, उन्हें मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया। ऐसे ही अनेक स्थानों पर गडरिया समाज के भाई-बहनों को अपमानित होना पड़ रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न स्थानों में समाज के जागरूक व जुझारू भाई-बहनों द्वारा प्रशासन के विरुद्ध धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है। हम ऐसे सभी भाई-बहनों का अभिनंदन करते हैं, स्वागत करते हैं। अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद होनी ही चाहिए। इसके बाद भी प्रशासन-शासन के कानों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। इसके लिए हमें राष्ट्रीय स्तर पर संघर्ष मोर्चा का गठन समाज के सभी राज्यों के सामाजिक पदाधिकारियों एवं राष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों के साथ मिल-बैठकर किया जाना चाहिए और उसकी प्रत्येक प्रांत में जिला स्तर पर शाखा का गठन करना चाहिए। अलग-अलग संघर्ष करने से प्रभाव नहीं होता, हमें राष्ट्रीय संघर्ष मोर्चा के बैनर तले संघर्ष करना चाहिए ताकि हम अपनी बात को शासन-प्रशासन तक, प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री तक प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कर सकें। समाज के विभिन्न राजनीतिक दल बने हुए हैं और समाज के अनेक युवा भाई-बहन वरिष्ठ नागरिक विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़कर भी काम कर रहे हैं किंतु समाज के जो राजनीतिक दल के नेता हैं, जो मंत्री बने हैं या पूर्व में मंत्री बने, वर्तमान में विधायक हैं, राजनीतिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, वह सभी ऐसे अवसर पर समाज को नजरअंदाज कर तटस्थ रहते हुए पार्टी भक्त बने रहते हैं। ऐसे लोगों को भी समाज के जागरूक लोग प्रेरित करें कि वह समाज के प्रति अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन सर्वप्रथम करें। पार्टी को दोयम पर रखें अन्यथा समाज के समर्थन और मतदान की उम्मीद ना रखें। जब तक आप वर्तमान परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रीय स्तर पर सामूहिक रूप से संगठित होकर संघर्ष नहीं करेंगे, आपकी कोई बात सुनने वाला नहीं है। शासन-प्रशासन में बैठे लोग चाहे कितने भी विद्वान हों, कितने भी सनातन धर्म के अनुसरण करने का दम भरते हों, वह जब अपनी पार्टी की बात आती है तो मुंह मोड़ लेते हैं। अथवा प्रभावशाली होने पर दमन करते हैं। इस समाज के प्रत्येक जागरूक भाई-बहनों को समझने की आवश्यकता है कि जब तक अलग-अलग काम करते रहेंगे, बिखराव होता रहेगा, समाज का दमन होता रहेगा, समाज के लोग टूटे रहेंगे, समाज के भाई-बहन उपेक्षित होते रहेंगे, अपमानित होते रहेंगे। जिस दिन समाज के सभी प्रबुद्ध वर्ग, अधिकारी, कर्मचारी, किसान, व्यापारी, संपादक, पत्रकार, वकील, डॉक्टर, इंजीनियर, महिला-पुरुष, युवा , एकजुट हो जाएंगे, उस दिन समाज का कायाकल्प हो सकता है अन्यथा सदियों बीत जाने के बाद भी गडरिया समाज को केवल भीड़ का हिस्सा माना जाएगा, उन्हें केवल पार्टी का झंडा उठाने, दरी बिछाने का काम दिया जाएगा, गडरिया समाज को हीन भावना से देखा जाएगा। इसलिए हमारा निवेदन पूर्वक सुझाव है कि उठो, जागो, अपने स्वाभिमान के लिए, अपनी संस्कृति के लिए, अपने सम्मान के लिए राष्ट्रीय संघर्ष मोर्चा का गठन करें और आवश्यकता पड़ने पर संघर्ष करें।



**-नारायण प्रसाद पाली**
प्रांतीय प्रतिनिधि, छत्तीसगढ़
मो. 9575761235

# भाजपा जिला अध्यक्ष हरवीर पाल का भव्य सम्मान, पाल समाज ने भेंट की स्कॉर्पियो






**मेरठ।** 26 जनवरी को अखिल भारतीय पाल महासभा एवं युवा पाल महासभा मेरठ द्वारा हरवीर पाल को भारतीय जनता पार्टी का जिला अध्यक्ष बनाए जाने के उपरांत उनका सम्मान समारोह कार्यक्रम अंकुर गार्डन छोटा हसनपुर गढ़ रोड पर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेरठ-हापुड़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद अरुण गोविल एवं मुजफ्फरनगर की मीरापुर विधानसभा से विधायक श्रीमती मिथलेश पाल के पति अमरनाथ पाल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय पाल महासभा मेरठ के अध्यक्ष सत्यप्रकाश पाल ने की एवं संचालन रुपेश पाल ने किया। मंच पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश पाल, पूर्व जिला अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा भाजपा बॉबी पाल, अखिल भारतीय पाल महासभा के राष्ट्रीय सचिव कृपाल सिंह पाल एवं युवा पाल महासभा मेरठ के अध्यक्ष दीपक पाल उपस्थित रहे। सम्मान समारोह में पाल समाज जनपद मेरठ की ओर से हरवीर पाल को एक स्कॉर्पियो गाड़ी उपहार स्वरूप दी गई तथा उनको राजनीति के क्षेत्र में और आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद अरुण गोविल ने अपने उद्बोधन में कहा कि हरवीर पाल भारतीय जनता पार्टी में जमीन से जुड़े हुए कार्यकर्ता हैं, ऐसे कार्यकर्ताओं के बल पर ही राजनीतिक दल आगे बढ़ते हैं। भारतीय जनता पार्टी ने हरवीर पाल की मेहनत को देखते हुए जिला अध्यक्ष बनाकर उनको सम्मान दिया है। हरवीर पाल की मेहनत उनको राजनीति के क्षेत्र में और आगे लेकर जाएगी। इसके अतिरिक्त सांसद अरुण गोविल ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल में यदि कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और लगन से कार्य करते हैं तो उस राजनीतिक दल को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा जमीनी कार्यकर्ताओं को तवज्जो दी है तथा उनको आगे बढ़ाने का कार्य किया है। कार्यक्रम में श्रीमती मिथलेश पाल विधायक मीरापुर विधानसभा के पति अमरनाथ पाल ने कहा कि हरवीर पाल ने भाजपा में अपना पूरा जीवन लगाया है, वह इस पद के हकदार थे तथा आगे भी भारतीय जनता पार्टी उनको आगे बढ़ाने का कार्य करेगी। पूर्व जिला पंचायत सदस्य ओमप्रकाश पाल ने कहा कि हरवीर पाल भारतीय जनता पार्टी में बहुत लंबे समय से कार्य कर रहे हैं, पार्टी ने उन्हें समय-समय पर सम्मानित पदों पर बिठाया है, आगे भी पार्टी पाल समाज को आगे बढ़ाने का कार्य करेगी। बॉबी पाल पूर्व अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा भाजपा द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि पाल समाज 100 प्रतिशत भारतीय जनता पार्टी को वोट करता है और भारतीय जनता पार्टी ही ऐसा राजनीतिक दल है जो पिछड़ों, दलितों, शोषितों और वंचितों को राजनीति की मुख्यधारा में लेकर आ सकती है। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा हरवीर पाल को जिला अध्यक्ष बनाकर जो सम्मान दिया गया है, समाज भी समय आने पर उसका ऋण चुकाएगा। हरवीर पाल ने अपने उद्बोधन में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए पाल समाज द्वारा उनके सम्मान समारोह का आयोजन करने के लिए समाज का आभार व्यक्त किया गया तथा सदैव समाज एवं अपनी राजनीतिक पार्टी में पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण से कार्य करने का वादा किया। कार्यक्रम में उमाशंकर पाल, महेंद्र पाल जैनपुर, सुभाष पाल मालियाना, मनोज पाल मुल्ताननगर, तपेश पाल, राजेंद्र पाल, धर्मेंद्र पाल, गुलशन पाल, मुकेश पाल, ओमेंद्र पाल, मोनू पाल रिठानी, मुकेश पाल कौल वाले, चमन सिंह पाल, निरंजन सिंह पाल पत्रकार, कमल पाल, अरुण पाल किनापुर, जितेंद्र पाल किनापुर, प्रदीप पाल बटजेवरा, सुधीर पाल, मोहन पाल शिवशक्ति विहार, कुंवरपाल किनापुर, विजयपाल किनापुर, मुकेश प्रधान भदौली वाले, अमित पाल पांडव नगर, पंकज पाल, प्रदीप पाल सैनी वाले, जयप्रकाश पाल मुल्ताननगर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पाल समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी सुशील चौहान, कुलदीप तोमर, राहुल कस्तला, रोबिन गुर्जर सांसद प्रतिनिधि किठौर विधानसभा मेरठ, सचिन त्यागी पूर्व पार्षद, उदय प्रताप मण्डल अध्यक्ष, पंकज गर्ग पूर्व मण्डल महामंत्री, रविंद्र चौधरी चैयरमेन डी एम पब्लिक स्कूल, सुशील कंबोज, घनश्याम प्रजापति, योगेंद्र तोमर पूर्व मंडल अध्यक्ष आदि ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष सत्यप्रकाश पाल ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया एवं समय-समय पर पाल समाज द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रमों को लगातार किए जाने का अनुरोध किया। **-रुपेश पाल**

# भीम आर्मी व आसपा ने विशाल तिरंगा यात्रा निकाली




**मेरठ।** भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर यहां विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें अखिल भारतीय पाल महासभा का भी योगदान रहा। इस तिरंगा यात्रा के कुंवर पाल छोटा हसनपुर, जिला पंचायत प्रत्याशी वार्ड नंबर 24 संयोजक रहे। मुख्य अतिथि संजीव पाल प्रदेश संगठन मंत्री थे। विशिष्ट अतिथियों में आसपा के प्रदेश सचिव डॉक्टर ओमप्रकाश, प्रदेश सचिव डॉ. अमित गुर्जर, मेरठ मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा एडवोकेट भीम सिंह, जिला अध्यक्ष एडवोकेट चरण सिंह, भीम आर्मी जिला संयोजक विनोद कुमार वर्धन, जिला प्रभारी पूर्व डीएसपी सेंसर पाल, जिला प्रभारी पिंकल गुर्जर, जिला सचिव संजय कर्दम, जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट सुनील राणा, रवि पाल शोभापुर जिला संगठन मंत्री, खालिद डुंगरावली, किठौर विधानसभा अध्यक्ष शेखर खरखौदा, कैंट विधानसभा अध्यक्ष सागर शोभापुर, युवा मोर्चा किठौर विधानसभा अध्यक्ष आकाश छिलौरा, अखिल भारतीय पाल महासभा के राष्ट्रीय सचिव कृपाल सिंह, जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश पाल की पूरी टीम व अखिल भारतीय युवा पाल महासभा जिलाध्यक्ष दीपक पाल की पूरी टीम, संदीप फाजलपुर, राजेंद्र पाल गेसूपुर, सतीश पाल पल्हेड़ा, जितेंद्र पाल किनापुर, अरुण पाल किनापुर, मुकेश पाल किनापुर, छोटा हसनपुर से पूर्व प्रधान जगबीर, पूर्व प्रधान सुशील कुमार, डीएम साहब विनोद कुमार, तिलकराम हसनपुर, ओमप्रकाश हसनपुर, अनवर तेली किनानगर, अनुज पहलवान कमालपुर, विशाल मुरलीपुर, सुमित हसनपुर, शशांक भारद्वाज हसनपुर, अरुण मास्टर हसनपुर, राहुल कुमार हसनपुर, छोटू किनापुर, सौरभ किनापुर इत्यादि शामिल रहे। **-ब्यूरो**

## हमारे नए आजीवन सदस्य

### 1. श्री राजेन्द्र सिंह पाल व श्रीमती कमलेश पाल (मेरठ)



वरिष्ठ समाजसेवी श्री राजेन्द्र सिंह पाल एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कमलेश पाल ने हरिकमल दर्पण की आजीवन सदस्यता ग्रहण की है। ये बी-3, गली नं.1, नन्द विहार, मेरठ के निवासी हैं। श्री राजेन्द्र सिंह पाल सेना से सेवानिवृत्त हैं। इनके 2 बच्चे हैं जोकि दोनों ही विवाहित हैं। इनकी सुपुत्री खुशबू पाल ने एमबीए किया है जबकि सुपुत्र राहुल कुमार पाल बीटेक करने के बाद एयरफोर्स में विंग कमांडर के पद पर कार्यरत हैं। श्री राजेन्द्र सिंह पाल का मोबाइल नम्बर 9548413175 है।

### 2. श्री श्रवण कुमार पाल व श्रीमती कल्पना पाल (लखनऊ)




वरिष्ठ समाजसेवी श्री श्रवण कुमार पाल व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कल्पना पाल ने हरिकमल दर्पण की आजीवन सदस्यता ग्रहण की है। ये 636/पी-15, महामायानगर, तकरोही, इन्दिरा नगर, लखनऊ के निवासी हैं। श्री श्रवण कुमार पाल ने बीटेक (एग्रीकल्चर) किया है और ये राठी पॉलीप्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी में स्टेट हैड के पद पर कार्यरत हैं। इनका मोबाइल नम्बर 8853310894 है। श्रीमती कल्पना पाल ने एमए इंग्लिश व बीएड तक शिक्षा ग्रहण की है और ये गवर्नमेंट इंटर कॉलेज में अंग्रेजी शिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं। इनका मोबाइल नम्बर 8400860467 है।

### 2. श्री हरिमोहन पाल (लखनऊ)



वरिष्ठ समाजसेवी श्री हरिमोहन पाल ने हरिकमल दर्पण की आजीवन सदस्यता ग्रहण की है। ये उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग में वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक के पद से सेवानिवृत हैं। ये सेक्टर के-364, आशियाना कॉलोनी, कानपुर रोड, लखनऊ के निवासी हैं। इन्होंने स्नातक एवं विधि स्नातक की शिक्षा ग्रहण की है। इनके मोबाइल नंबर 9415485409 एवं 9369542154 हैं।

### 2. श्री धनगर गंगाविष्णु चन्देल (गाजियाबाद)



वरिष्ठ समाजसेवी श्री धनगर गंगाविष्णु चन्देल ने हरिकमल दर्पण की आजीवन सदस्यता ग्रहण की है। इनके पिता का नाम धनगर परशुराम चन्देल है। इनकी जन्मतिथि 10 जुलाई 1967 तथा जन्म स्थान गांव पाकर पुर्वा, जिला औरैया है। इनकी शैक्षिक योग्यता एम.कॉम है। ये कबड्डी अन्तर्विश्वविद्यालय कानपुर में 1985 में विजयी टीम के खिलाड़ी रहे हैं और 1989 से दिल्ली सरकार में सेवारत हैं। वर्तमान में तहसीलदार दिल्ली सरकार के पद पर कार्यरत हैं। ये 1998 से समाज सेवा कर रहे हैं। वर्तमान में मेरठ मण्डल अध्यक्ष, ऑल इंडिया धनगर समाज महासंघ (रजि.) हैं। इनका पता है मकान नं. 40, गली नं. 6, बी.ब्लॉक, सिद्धार्थ विहार, गाजियाबाद। इनका मोबाइल नम्बर 9899641263 है।

# पाल साड़ी महल पर किया गया ध्वजारोहण




**मेरठ।** राष्ट्रीय पर्व 77वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रोहटा रोड पर गोलाबढ़ स्थित पाल साड़ी महल के शोरूम के सामने ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय पाल महासभा के राष्ट्रीय सचिव कृपाल सिंह पाल, युवा इकाई के जिलाध्यक्ष दीपक पाल, धर्मपाल गडरिया खड़ौली वाले, रोशन पाल, रवि पाल, नीरज पाल सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। **-ब्यूरो**

# राजभाषा आयोग द्वारा रामकुमार श्रीवास सम्मानित



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग का नम क्रांति सम्मेलन यहां सम्पन्न हुआ जिसमें छत्तीसगढ़ी साहित्य सृजन हेतु गायत्री शक्तिपीठ बिलासपुर के ट्रस्टी रामकुमार श्रीवास को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। नारायण प्रसाद पाली साहित्यकार, गडरिया समाज के वरिष्ठ नागरिक, स्वयं सेवक गायत्री परिवार ने बताया कि इस अवसर पर राष्ट्रीय महाकवि बृजेश सिंह, हेमराज वैश्य, बृजेश साहू, शीतल पाटनवार, श्रीमती नंदनी पाटनवार, जोगेश्वरी साहू, राम गोपाल कश्यप, श्रीमती आशा सुल्तानिया, श्रीमती उर्मिला विश्वकर्मा, रूबी दुबे, साविता तिवारी एवं बड़ी संख्या में कवि, साहित्यकार, गायत्री परिवार के परिजन उपस्थित रहे। **-ब्यूरो**

# सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से लाभान्वित हों : इ. बी. के. पाल

**ललितपुर।** 'एकता और भाईचारे की मिसाल पेश करें, इसके द्वारा ही राजनीतिक क्षेत्र में सफलता प्राप्त की जा सकती है। वर्तमान समय पाल समाज के लिए बहुत ही अच्छा है, अगर आप राजनीति में उतरते हैं तो आपको सफलता जरूर प्राप्त होगी।' उक्त उद्गार अखिल भारतीय पाल महासभा जनपद शाखा ललितपुर के जिला अध्यक्ष इंजीनियर बी.के. पाल ने विकासखंड बिरधा के ग्राम पटौआ में स्वर्गीय अशोक पाल एवं ग्राम शाहपुर में स्वर्गीय गनु पाल की शोकसभा में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में गरीब, असहाय और कमजोर वर्गों के लिए बहुत सी सरकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए हमें जागरूक होना बहुत





आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मृत्युभोज एक ऐसी प्रथा है कि एक परिवार अपने सदस्य को खोने के साथ ही आर्थिक रूप से बहुत ही कमजोर हो जाता है, ऐसी स्थिति में हमें उसकी आर्थिक सहायता करनी चाहिए ना कि उस पर आर्थिक बोझ डालना चाहिए। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वह समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने के लिए आगे आएं। जिला कोषाध्यक्ष दयाराम पाल ने कहा कि समय के साथ चलने वाली जातियां ही आगे बढ़ती हैं, मृत्युभोज जैसी कुप्रथा से कुछ लोगों का ही भला हुआ है, हमारे समाज का कुछ भी भला नहीं हुआ है। इसलिए अब चिंतन करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मृत्युभोज पर जो भी पैसा खर्च हो रहा है उसे रचनात्मक कार्य में लगाया जाए तो हमारे समाज की युवा पीढ़ी का भविष्य सुधर सकता है, इस दिशा में उनका संगठन कार्य कर रहा है। इस मौके पर हजारीलाल पाल, अमर सिंह पाल, रमेश पाल कडेसराकलां, हल्के पाल लेडियापुरा, रामेश्वर पाल सिमरिया, उमेश पाल, बृजेश पाल मिर्चवारा, हीरालाल पटउवा, सुनील पाल मेंकुआं, हरप्रसाद पाल सहित भारी संख्या में समाजसेवी उपस्थित थे। शोकसभा का संचालन रामेश्वर पाल सिमरिया ने किया। **-ब्यूरो**

## राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में महेश पाल रहे मुख्य निर्णायक

**उज्जैन।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग मध्यप्रदेश के अंतर्गत खेलो एमपी यूथ गेम्स के तहत राज्य स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में प्रदेशभर से चयनित प्रतिभाशाली योग खिलाड़ियों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता में विशेष रूप से गुना जिले के योगाचार्य महेश पाल को मुख्य जज की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। योग एवं योगासन खेलों के क्षेत्र में उनके दीर्घ अनुभव, तकनीकी दक्षता और निष्पक्ष निर्णय क्षमता को देखते हुए आयोजकों द्वारा यह दायित्व उन्हें प्रदान किया गया। योगाचार्य महेश पाल ने प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के आसनों की शुद्धता, संतुलन, लय, स्थिरता एवं नियमों के अनुरूप प्रदर्शन का गहन मूल्यांकन किया। उनके मार्गदर्शन और निर्णायक भूमिका से प्रतियोगिता का संचालन अत्यंत अनुशासित एवं पारदर्शी रहा।



इस अवसर पर योगाचार्य महेश पाल ने कहा कि योगासन खेल न केवल शारीरिक क्षमता को बढ़ाते हैं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, एकाग्रता और आत्मविश्वास का भी विकास करते हैं। खेलो एमपी जैसे आयोजन प्रदेश के युवाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं। उनकी इस उपलब्धि से गुना जिले का नाम पूरे प्रदेश में गौरवान्वित हुआ है। स्थानीय योग प्रेमियों, खिलाड़ियों एवं संस्थाओं ने योगाचार्य महेश पाल को इस सम्मानजनक भूमिका के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। हरिकमल दर्पण परिवार की ओर से भी उन्हें बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएँ। **-सम्पादक**

## कोपिन पाल बने जिला सचिव



**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय लोकदल पार्टी सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र प्रधान द्वारा कोपिन पाल ग्राम कादीपुर निवासी को प्रकोष्ठ का जिला सचिव घोषित किया गया है। कोपिन पाल को क्षेत्रवासियों ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। **-शरद पाल**

## दीप सिंह प्रदेश अध्यक्ष बने



**दिल्ली।** विमुक्त घुमंतु एवं अर्द्धघुमंतु जनजाति महासंघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री एवं कार्यालय प्रभारी पटेल मधुसूदन धनगर ने कुतुबविहार, छावला, दक्षिण पश्चिम दिल्ली निवासी दीप सिंह को महासंघ में दिल्ली राज्य का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है। **-ब्यूरो**

## श्याम शंकर पाल को बधाई



**गुरुग्राम।** हरिकमल दर्पण के हरियाणा प्रभारी श्याम शंकर पाल उर्फ सचिन ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं आयुष्मान भारत डिजीटल मिशन के लाभों के बारे में देशवासियों को जागरूक करने का संकल्प लिया है। इसके अलावा उन्होंने भारत सरकार द्वारा आयोजित 3 क्विज में भाग लेकर प्रमाणपत्र हासिल किए। इन उपलब्धियों के लिए हरिकमल दर्पण परिवार की ओर से उन्हें बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएँ। **-सम्पादक**

## अहिल्याबाई की प्रतिमा स्थापना के लिए महापौर को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** अंतरराज्यीय बस स्टैंड पर लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा स्थापना हेतु कपूरचंद्र धनगर जिला अध्यक्ष गडरिया ढेंगर समाज के नेतृत्व में महापौर श्रीमती मीनल चौबे को ज्ञापन सौंपा गया। नारायण प्रसाद पाली वरिष्ठ नागरिक गडरिया समाज छत्तीसगढ़ ने बताया कि इस अवसर पर प्रकाश धनगर, अभिमन्यु धनगर, (प्रदेश



अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ) कामेश्वर धनगर, धनेश धनगर सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे। **-ब्यूरो**

## गाजियाबाद में वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान, हरीश पाल अध्यक्ष चुने गए









**गाजियाबाद।** 26 जनवरी को मातेश्वरी अहिल्याबाई होलकर की नई प्रतिमा के प्रथम स्थापना दिवस पर वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान समारोह मनाया गया जिसमें गांव नवादा, नानू, मंडोला, लोनी, पाखरपुर, इंद्रापुरी, मथुरापुर, शमशेर, मोरटी, सिहानी, नंदग्राम, अर्थला, नूरनगर, रजापुर, मवई, विजयनगर, सेवानगर, घूकना, मिर्जापुर, बिहारीपुरा, शंकरपुरी, बहरामपुर, प्रताप विहार, नोएडा आदि क्षेत्रों से हजारों की संख्या में जनसमूह उपस्थित रहा। सभी वरिष्ठ नागरिकों का शॉल पहनाकर स्वागत किया गया। कोषाध्यक्ष रामकिशोर पाल द्वारा वार्षिक लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। उसके बाद सभी ने एकमत से हरीश पाल अर्थला वालों को गाजियाबाद का अध्यक्ष चुन लिया। विशाल जनसमूह ने फूलमाला पहनाकर हरीश पाल का स्वागत किया। इसके बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष हरीश पाल ने समाज का धन्यवाद किया और सभी से आशीर्वाद लिया। **-ब्यूरो**

## गणतंत्र दिवस मनाया



**मेरठ।** 26 जनवरी को 77वां गणतंत्र दिवस देवी अहिल्याबाई होलकर हस्तिनापुर के प्रांगण में धर्म सिंह गणेशपुर की अध्यक्षता में मनाया गया जिसमें ध्वजारोहण मुख्य अतिथि नगर पंचायत की चेयरपर्सन श्रीमती सुधा खटीक द्वारा किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात भक्ति गीत के साथ मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर माता अहिल्याबाई होलकर कार्यकारिणी हस्तिनापुर की समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र पाल सिंह धनगर एवं समिति के सदस्य राजकुमार, राकेश धनगर, महेंद्र सिंह, महिपाल सिंह, पूर्व प्रधान सतीश, मोहन कुमार, प्रवीण कुमार, ओंकार, कुंवर पाल उर्फ क्षत्रिय, अमित, जसबीर, सुंदर, पूरन सिंह, भुंडिया, मुकेश आदि उपस्थित रहे। **-राकेश धनगर**

### मेरठ में हरिकमल दर्पण के सदस्य बनने, समाचार, लेख, विज्ञापन आदि देने के लिए आप हमारे संरक्षकों से भी सम्पर्क कर सकते हैं-

1. **श्री कृपाल सिंह पाल** (राष्ट्रीय सचिव, अ.भा. पाल महासभा)
   142, ऋषिपुरम, रोहटा रोड, मेरठ। मो0 9997933726
2. **सूबेदार हरपाल सिंह पाल** (पूर्व महासचिव , अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   638/50, न्यू सैनिक कॉलोनी, खिर्वा रोड, कंकरखेड़ा, मेरठ कैन्ट। मो0 9758196520
3. **श्री रमेश चन्द पाल**, पार्षद पति (संरक्षक, अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   पाल धर्मशाला, रिठानी, मेरठ। मो0 9457033344
4. **एडवोकेट रामकरण सिंह पाल** (कानूनी सलाहकार , अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   ग्राम-घाट, डॉ0-पाँचली खुर्द, जिला मेरठ। मो0 8630647665
5. **श्री जयपाल सिंह पाल**, (पूर्व पार्षद एवं पूर्व अध्यक्ष अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   सुमित्रा देवी पब्लिक स्कूल, मोहकमपुर, मेरठ। मो0 9319949709
6. **श्री सत्यपाल कलंजरी** (अध्यक्ष, अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   कार्यालय : प्लॉट नं0 11, सेक्टर-6-1, पैंठ रोड, शताब्दी नगर, मेरठ।
   निवास : बी-228, सेक्टर-1, शताब्दी नगर, मेरठ। मो0 9837182284
7. **श्री महेन्द्र पाल (मिर्ची)** (उपाध्यक्ष, अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   प्रतिष्ठान: कृष्णा ट्रेडिंग कंपनी, 75, गडोदिया मार्केट फर्स्ट फ्लोर, खारी बावली, दिल्ली-6
   निवास: 50/7, रामप्रस्थ ग्रीन, वैशाली, गाजियाबाद। मो. 8766371312, 8057545916
8. **श्री अमित कुमार पाल** (मेरठ महानगर अध्यक्ष, शेफर्ड इंडिया इंटरनेशनल)
   दुकान : शॉप नं0 2, कला मंदिर वाली गली, पैंठ एरिया, लालकुर्ती,मेरठ कैंट।
   निवास : 121/14, प्रगति नगर, दयावती एकाडेमी वाली गली, मेरठ। मो0 9927880107
9. **ठेकेदार कमल पाल सिंह** (मेरठ मंडल महासचिव, शेफर्ड इंडिया इंटरनेशनल)
   377, नई गोविन्दपुरी, कंकरखेड़ा, मेरठ कैन्ट । मो0 8006567896
10. **श्री दीपक पाल** ( अध्यक्ष, अ.भा. युवा पाल महासभा मेरठ)
   दुकान: पाल साड़ी महल, मैन मार्किट, गोलाबढ़, रोहटा रोड, मेरठ।
   निवास: ग्राम खड़ौली, मेरठ। मो0 9897876137

### निःशुल्क कानूनी सलाह लें!

पाल समाज के व्यक्तियों के लिए 'हरिकमल दर्पण' निःशुल्क कानूनी सलाह की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। इसके लिए सम्पर्क करें-

1. **श्री राजकुमार सिंह पाल एडवोकेट,**
   सी-10, पांडव नगर, मेरठ। मो0 9837474234
2. **श्री रामकरण पाल एडवोकेट**
   ग्राम-घाट, डा0-पाँचली खुर्द, मेरठ। मो0 8630647665
3. **श्री महेन्द्र कुमार पाल एडवोकेट**
   ए-20/3, रॉयल पार्क, पल्लवपुरम फेस 1, मेरठ। मो0 8954682770
4. **श्री मेहर सिंह पाल एडवोकेट**
   721, नंगलाताशी, कंकरखेड़ा मेरठ कैंट। मो. 9259444219
5. **श्री सत्येन्द्र कुमार पाल एडवोकेट**
   हाईकोर्ट सीट नं0 80, अम्बेडकर हॉल, न्यू लाईब्रेरी के नीचे, हाईकोर्ट, इलाहाबाद।
   कार्यालय: 40-ए, धर्मवीर मार्ग, सुलेम सराय, इलाहाबाद। मो0 7668937169, 9451506915
6. **श्री लखमी चंद पाल एडवोकेट**
   383, पर्वतीया कॉलोनी, एन.आई.टी, फरीदाबाद। मो. 9811444654
7. **एडवोकेट नीरज पाल**
   फ्लैट नम्बर 1 बी, डी.आई.जेड एरिया, ब्लॉक 50, सेक्टर 2, काली बाड़ी मार्ग,
   कनॉट प्लेस, दिल्ली-110001, मो.9911752988
8. **श्री सुभाष पाल एडवोकेट**
   पाल सेवा समाज, एस.आर. मॉडर्न स्कूल एंड एजुकेशन, CPJ 2nd, 59 न्यू सीलमपुर, दिल्ली-110053,
   मो. 9818744044, 8700153018 (WWW.PAL333.COM)
9. **श्री राजीव कुमार पाल एडवोकेट**
   चैंबर नं.19, हाईकोर्ट, प्रयागराज, मो. 9368267447,8533029001
10. **एडवोकेट विवेक पाल 'टाइगर'**
   टेबिल नंबर 8, ओल्ड लाइब्रेरी, उत्तरी बरामदा, हाईकोर्ट, इलाहाबाद, मो. 9559695244, 8181859252

### हमारे जनपद प्रतिनिधि

1. **गाजियाबाद में** श्री बी.के.एस. पाल मो. 9650577367
2. **गौतमबुद्धनगर में** श्री रमेश पाल खोदना मो. 9899261957
3. **अलीगढ़ में** श्री योगेश कुमार सिंह पाल मो. 9412593896
4. **लखीमपुर खीरी में** श्री अमित पाल धनगर मो. 9621968244
5. **रीवा (मध्य प्रदेश) में** श्री मोती लाल पाल मो. 9584634770
6. **गुड़गांव (हरियाणा) में** श्री राम नरेश पाल, मो. 9810967600
7. **लखनऊ में** श्री पी.के. सिंह पाल मो. 9839423719; श्री बिंदेश्वरी प्रसाद पाल मो. 9450503655
8. **सोनीपत (हरियाणा) में** श्री फत्ते सिंह पाल मो. 8816867995
9. **भोपाल में** श्री नर्मदा प्रसाद पाल मो. 9993090768
10. **भागलपुर में** श्री मनमोहन लाल पाल मो. 8004924005
11. **जौनपुर में** श्री नीलम विकास पाल मो. 8957422574
12. **हरदोई में** श्री अमित सिंह पाल मो. 8887655467
13. **इटावा में** श्रीमती विनीता पाल मो. 9891741859
14. **औरैया में** श्री मनीष पाल मो. 9758562193
15. **ललितपुर में** श्री इन्द्रपाल सिंह मो. 9695037944, 9793791944; श्री रामेश्वर पाल सिमिरिया मो. 9889577860
16. **इंदौर में** श्री दिनेश पाल मो. 8889363636
17. **जबलपुर में** श्री अनिल धनगर मो. 9165202780
18. **फरीदाबाद में** श्री देवेन्द्र कुमार होलकर मो. 9910813294
19. **फर्रुखाबाद में** श्री आवेश पाल मो. 8887698240, 9956966596
20. **मुजफ्फरनगर में** श्री शरद पाल उर्फ अभिषेक मो. 9690501498
21. **कन्नौज में** श्री राघवेन्द्र कुमार पाल मो. 708583085
22. **शाहजहाँपुर में** श्री के.पी. सिंह मो. 8840196328
23. **कौशाम्बी में** श्री श्याम कुमार पाल मो. 9621055595
24. **पलवल में** श्री नरेश कुमार बघेल मो. 8053024093; प्रोफेसर (इंजी.) भजनलाल हंस बघेल मो. 9588523484
25. **मऊ में** श्री हरिश्चंद पाल मो. 9454728541
26. **फिरोजाबाद में** श्री अनूप कुमार बघेल मो. 9557673320
27. **बिजनौर में** श्री ब्रजपाल धनगर पत्रकार मो. 9927622327, 8840524330
28. **मथुरा में** श्री संजय धनगर मो. 9412661310
29. **अयोध्या में** श्री अंजनी कुमार पाल मो. 9839500920
30. **ठाणे में** श्री अनुराग राजनरायन पाल मो. 8898985378
31. **हापुड़ में** श्री संजय पाल धनगर मो. 8868894986, 9811410592
32. **छतरपुर में** श्री रूपेन्द्र पाल मो. 9977727589, 9926102284
33. **आगरा में** श्री हरिओम बघेल (बग्गी) मो. 9411258358
34. **वाराणसी में** श्री इन्द्रदेव पाल मो. 8574027460
35. **उज्जैन में** श्री नरेन्द्र पाल मो. 9074404421
36. **देवरिया में** श्री सूरज प्रसाद पाल मो. 9415384697
37. **उन्नाव में** श्री आदर्श पाल मो. 7303226614
38. **मुरादाबाद में** श्री प्रदीप कुमार सिंह पाल मो. 9917558093,
39. **प्रतापगढ़ में** श्री धर्मेन्द्र कुमार पाल मो. 9919077729, 9621073200
40. **गोडा में** श्री मुखराम पाल मो. 9455453381, 9457341699
41. **भदोही में** श्री रवि प्रकाश पाल मो. 9451013781, 6394188797
42. **सीतापुर में** श्री आदित्य प्रकाश पाल मो. 9695207197
43. **पुणे में** श्री रणवीर सिंह बघेल मो. 9423245315
44. **बीकानेर में** श्री देवेन्द्र पाल सिंह मो. 9950564478
45. **प्रयागराज में** डॉ. कुमार रमेश मो. 8887957618
46. **लुधियाना में** डॉ. साधू राम पाल मो. 9888100609
47. **फिरोजाबाद में** श्री पहुंची लाल धनगर मो. 8755812543
48. **हाथरस में** श्री लाखन सिंह बघेल मो.9811748774
49. **चित्रकूट में** श्री शत्रुघन प्रताप पाल मो. 7991440776

# आरडीएल पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस





**सुल्तानपुर।** कुड़वार ब्लाक के सरकौडा पटईपुर में स्थित आरडीएल पब्लिक स्कूल में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास, देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ निर्धारित समय पर मुख्य अतिथि भाजपा नेता रामचन्द्र मिश्रा द्वारा ध्वजारोहण से हुआ। इसके पश्चात राष्ट्रगान गाया गया, जिससे पूरा विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंग में रंग गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक हरीराम पाल, डॉ. अंजनी पाल एवं विद्यालय के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिनमें देशभक्ति गीत, नृत्य एवं भाषण शामिल रहे। कार्यक्रमों में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान समस्त गणमान्य लोगों द्वारा 26 जनवरी के ऐतिहासिक एवं संवैधानिक महत्व पर प्रकाश डाला गया तथा विद्यार्थियों को संविधान, लोकतंत्र एवं राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया। देश की एकता, अखंडता और संविधान की मूल भावना पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रामचन्द्र मिश्रा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए देश के प्रति पूर्ण समर्पण की भावना रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि एक गणतांत्रिक देश में रह रहे हैं। कार्यक्रम में संरक्षक शोभनाथ पाल, विद्यालय की प्रबंध कमेटी, प्रधानाचार्य डॉ. निरंजन पाल, डॉ राजवंत पाल, अशोक यादव, सुनील मिश्रा, भोले सिंह, विनोद मिश्रा, अरविन्द विश्वकर्मा, बृजलाल, सत्यनारायण पाण्डेय, सूर्य प्रकाश तिवारी, सुभाष फौजी, पंकज मिश्रा, मो. मुस्तफा, अयूब, देवनारायण यादव, नरेंद्र व विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय की शिक्षिका ने किया। **-अंजनी कुमार पाल**

# गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया



